एडलवाइस मिडकैप फंड के डायरेक्ट प्लान को गोल्ड व रेगुलर को सिल्वर रेटिंग मिली

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

मॉर्निंगस्टार की फरवरी की रिपोर्ट में एडलवाइस मिडकैप फंड के डायरेक्ट प्लान को गोल्ड और रेगुलर को सिल्वर रेटिंग दी गई है। जबकि फंड हाउस को 10 साल के परफॉर्मेंस के आधार पर 3.5 स्टार की रेटिंग मिली है। एनालिस्ट रेटिंग भविष्य के परफॉर्मेंस का पूर्वानुमान है। पूर्वानुमानित विश्लेषक-संचालित रेटिंग प्रणाली के तहत फंड्स को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज, न्यूट्रल और नेगेटिव के रूप में बांटा गया है। फंड ने पिछली छह तिमाहियों में बेहतर प्रदर्शन किया है। उधर, फंड हाउस का कहना है कि निवेश के लिए हमारी एफएआईआर फिलॉस्फी है। इसका मतलब फोरेंसिक ऑडिट, स्वीकार्य मूल्य, ईएसजी और मजबूती है। फोरेंसिक ऑडिट से निवेश से जुड़ी जोखिम को जाना जाता है। फंड हाउस में मिडकैप फंड मैनेजर त्रिदीप भट्टाचार्य ने टेक्नोलॉजी कंपनियों में निवेश बढ़ाया और वित्तीय सेवा क्षेत्र, संचार सेवा व ऊर्जा क्षेत्र में निवेश कम किया है। एडलवाइस मिडकैप फंड की पोर्टफोलियो को लिक्विडेट करने का औसत समय 30 दिन से कम है।

एडलवाइस का पांच वर्षीय जोखिम-समायोजित अनुपात 82 फीसदी

म्यूचुअल फंड एनालिस्ट वसंत कुलकर्णी का कहना है कि एडलवाइस का पांच वर्षीय जोखिम-समायोजित अनुपात 82 फीसदी है, जो समकक्ष फंड्स से बेहतर है। जोखिम-समायोजित अनुपात का मतलब है कि निवेशकों के लिए फंड अच्छा परफॉर्मेंस कर रहा है। मिड-कैप फंड सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी फंड की तुलना में इसकी रणनीति सफल रही है। उन्होंने कहा कि मैनेजरों ने मिडकैप समूह के अन्य फंड्स के मुकाबले कम सूचकांक जोखिम वाली कंपनियों को शामिल किया है। वे अपने पोर्टफोलियो में ग्रोथ स्टॉक जोड़ रही हैं।